खंड-1

उपखंड-1

पूर्व ऐतिहासिक काल एवं आद्य ऐतिहासिक काल

By Manikant Singh

1. निम्नलिखित में से कौन-सा/से लक्षण सिंधु सभ्यता के लोगों का सही चित्रण करता है/करते हैं?

1. उनके विशाल महल और मंदिर होते थे।
2. वे देवियों और देवताओं, दोनों की पूजा करते थे।
3. वे युद्ध में घोड़ों द्वारा खींचे गए रथों का प्रयोग करते थे।

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही कथन/कथनों को चुनिए-

कूटः

(a) केवल 1, 2 (b) केवल 2

(c) 1, 2, 3 (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

2. हड़प्पाई धर्म के विषय में निम्नलिखित में क्या सत्य है-

1. हड़प्पा सभ्यता में भक्तिवाद का तत्व था।

2. हड़प्पा सभ्यता में तंत्रवाद का तत्व था।

3. हड़प्पा सभ्यता में गाय की पूजा होती थी।

कूट:

(a) केवल 1 (b) 1, 2

(c) 1, 3 (d) 1, 2, 3

3. कथन (A):- सिंधु घाटी की सभ्यता के लिए 'हड़प्पा सभ्यता' नाम सर्वाधिक उचित प्रतीत होता है।

कारण (R):- हड़प्पा सबसे बड़ा स्थल था।

कूटः

(a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A का सही स्पष्टीकरण है।

(b) A और R दोनों सत्य हैं परंतु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) A सत्य है लेकिन R असत्य है।

(d) A असत्य है लेकिन R सत्य है।

4. निम्नलिखित में से कौन-सी संस्कृति परवर्ती हड़प्पा संस्कृतियों में शामिल नहीं थी-

(a) झूकर संस्कृति

(b) ईरानी-बलूची ग्रामीण संस्कृति

(c) लाल चमकीले मृदभांड संस्कृति

(d) कब्रगाह-H संस्कृति

5. निम्नलिखित में से कौन-सी संस्कृति/संस्कृतियाँ 'पूर्व लौह' एवं 'लौह' दोनो चरणों से जुड़ी है/हैं-

1. मेगालिथिक संस्कृति
2. चित्रित धूसर मृदभांड संस्कृति
3. उत्तर काले पॉलिशदार मृदभांड संस्कृति

कूटः

(a) केवल 1
(b) 1, 2
(c) 1, 2, 3
(d) केवल 3